यारों का जो है यार वो है मेरा सांवरिया

(यादों के सहारे, दुनियाँ नहीं चलती,
सायर के बिना महफ़िल नहीं जमती,
एक बार पुकारो, तो मेरे श्याम चले आते हैं,
क्योंकि श्याम के बिना, धड़कने नहीं चलती।)

यारों का जो है यार वो है मेरा सांवरिया,
करता भक्तों से प्यार वो है मेरा सांवरिया,
करे डूबी नैया पार वो है मेरा सांवरिया,
यारों का जो है यार वो है मेरा सांवरिया।।

जिस जिस पे पड़ जाती है बाबा तेरी नज़र,
फिर क्यों डरे वो दुनिया से करे तू जिसकी फ़िक्र,
करता जो बेडा पार वो है मेरा सांवरिया,
करता जो भक्तों से प्यार वो है मेरा सांवरिया,
करे डूबी नैया पार वो है मेरा सांवरिया,
यारों का जो है यार वो है मेरा सांवरिया।।

जो भी हार गया दुनियां से आसरा है तेरा,
सबके संकट हर ले पल में श्याम सांवरिया मेरा,
जिसे पूजे ये संसार वो है मेरा सांवरिया,
करता जो भक्तों से प्यार वो है मेरा सांवरिया,
यारों का जो है यार वो है मेरा सांवरिया
करता जो भक्तों से प्यार वो है मेरा सांवरिया।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23779/title/yaaro-ka-jo-hai-yar-vo-hai-mera-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |